26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026
अंक- 118 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# शेर की दहाड़ से भाग जाते हैं कुत्ते...

वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बच्चों की संख्या और जनसंख्या के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चे पैदा करने वाले बयान का जिक्र था और कहा गया था कि मुसलमान ज्यादा बच्चे पैदा नहीं कर रहे हैं। शंकराचार्य ने कहा कि कौन कितने बच्चे पैदा कर रहा है, यह वो जानें। हमें अपने घर की चिंता करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संख्या बल से कोई नहीं जीतता। कुत्तों की बड़ी संख्या होती है, लेकिन जब एक शेर आकर दहाड़ता है तो सब भाग जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान यह सोचते हैं कि संख्या बढ़ाकर काम बन जाएगा या हिंदू भी ऐसा सोचते हैं, तो यह सही नहीं है। सिर्फ संख्या बढ़ जाने से समाज मजबूत नहीं होता।


## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


# मुझ पर लगे आरोप राजनीतिक

## सुल्तानपुर कोर्ट में पेशी के बाद बोले राहुल गांधी



सुल्तानपुर ( एजेंसी/चिंगारी )। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बयान दर्ज करवाने सुल्तान पहुंचे। वे जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में पहुंचे। पेशी के बाद राहुल गांधी ने कहा कि मुझ लगे सभी आरोप राजनीतिक हैं। कोर्ट ने राहुल गांधी को आखिरी मौका देकर तलब किया था। अदालत की ओर से उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए 20 फरवरी को आखिरी मौका दिया गया था। कोर्ट ने सफाई सबूत के लिए अगली तारीख 9 मार्च दी है। राहुल गांधी आज करीब आधे घंटे कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने यह जानकारी दी है। वादी अधिवक्ता संतोष पाण्डेय भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक में एक प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी की ओर से की गई टिप्पणी पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता विजय मिश्र ने उनके खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। राहुल गांधी 26 जुलाई 2024 को इस मामले में अदालत में पेश हुए थे, लेकिन कई तारीखों पर अनुपस्थित रहे। 19 जनवरी को भी गैर-हाजिर रहने पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए 20 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आखिरी मौका दिया था।

# ट्रक ड्राइवर की चाकू घोंपकर हत्या

स्योहारा ( चिंगारी ) शुगर मिल में गन्ने का ट्रक लेकर आये ड्राइवर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। घायल को मौजूद लोगों द्वारा सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी तो मौके पर पहुंच शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया । परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार की शाम मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी सलमान पुत्र नसरूल्ला गन्ने के ट्रक को लेकर शुगर मिल गया था। आरोप है कि शुगर मिल में जब वह टोकन लेने गया तो उसका झगड़ा दूसरे ट्रक चालक अजीम से हो गया। झगड़ा इतना भयानक हो गया कि आरोपी ने सलमान के सीने मे चाकू घोप दिया और फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल सलमान को अस्पताल पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अपर पुलिस अधिक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंच पुलिस को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सलमान के भाई शाहआलम की तहरीर पर अजीम पुत्र यामीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है ।


## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747




Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

# काशीरामपुर में कैंसर से लड़ाई लड़ रहे लोगों ने बताई आपबीती







**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में काफी ग्रामीण कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से जूझ रहे हैं। काशीरामपुर गांव में अभी भीं 7 लोग कैंसर से ग्रसित होकर अपनी जिंदगी से लड़ रहे है। पिछले कई सालों में इस बीमारी से कई लोग अपनी जिन्दगी गंवा चुके है। कैंसर से ग्रसित लोगों व उनके परिजनों ने अपनी आप बीती बताई है।**

40 वर्षीय धीर सिंह पुत्र रामल सिंह स्वयं कैंसर की बीमारी से ग्रसित है। उनका कहना है कि उनके मुंह के अंदर कैंसर है। उनका उपचार पहले बीकानेर से चल रहा था, अब देहरादून के जौलीग्रांट हॉस्पिटल में चल रहा है। 62 वर्षीय इमला पत्नी कलवा सिंह के बेटे ब्रजवीर सिंह का कहना है कि उनकी मां को कैंसर है। उन्हें एक साल पहले इस बीमारी के होने का पता चला था, ऋषिकेश के एम्स हॉस्पिटल में उनका उपचार चल रहा है। उनका आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। वह मजदूरी करके घर का गुजारा करते हैं, अपनी मां का इलाज करा रहे है। उन्होंने बताया कि जब उनकी मां को दर्द के कारण पीड़ा होती है तो उनसे उनका ये कष्ट देखा नहीं जाता। करीब 62 वर्षीय संतोष शर्मा पत्नी स्व0 जयप्रकाश शर्मा के परिजनों का कहना है एक साल पहले उन्हें इस बीमारी का पता चला। संतोष शर्मा का घर पर रहकर ही उपचार चल रहा है। करीब 60 वर्षीय जग्गो देवी पत्नी हरि प्रकाश के परिजनों ने बताया कि तीन महीने पहले पथरी का ऑपरेशन कराया था, उसके बाद पीलिया की बीमारी के चलते उन्हें कैंसर रोग होने का पता चला। तभी से इनके परिजन इनका उपचार

## कैंसर की बीमारी फैलने से काफी लोगों की हो चुकी मौतें

करा रहे हैं। करीब 30 वर्षीय मुमताज पत्नी सलीम का भी एक साल से कैंसर का उपचार चल रहा है। 45 वर्षीय ब्रह्मवती पत्नी लवकुश का भी कैंसर से ग्रसित होने के कारण उपचार चल रहा है। 28 वर्षीय ज्योति पत्नी बाबूराम भी कैंसर की बीमारी से लड़ रही है। परिजन इनका उपचार करा रहे है। महेंद्र सिंह का कहना है कि कैंसर एक भयंकर बीमारी है। गांव में कई लोग इससे ग्रसित है। अधिकारियों को सर्वे कराकर गांव में कैंसर रोग ना फैले इसके लिए जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।



धनीराम सिंह का कहना है कि उनके पिता चौधरी मुन्ने सिंह भी कैंसर रोग से पीड़ित थे। 65 वर्ष की आयु में 15 फरवरी को वह कैंसर से लड़ते लड़ते अपनी जिंदगी से हार गए। स्वास्थ्य विभाग को गांव में जांच करनी चाहिएं जिससे पता चल सके कि गांव में कैंसर के रोगी क्यों बढ़ रहे है।



मोहम्मद शाहिद का कहना है कि गांव में पिछले कई वर्षों में कैंसर से पीड़ित कई लोगों की मौत हुई है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर जांच की जाए कि किस कारण से गांव में कैंसर की बीमारी से लोग ग्रसित हो रहे है।



मोहम्मद साबिर का कहना है कि कैंसर जानलेवा बीमारी है। स्वास्थ्य विभाग को जांच करानी चाहिए जिससे मालूम हो सके कि इस बीमारी की चपेट में गांव के लोग क्यो आ रहे है।



**पिंकी का कहना है कि उनके परिवार में दो मौत कैंसर की बीमारी के कारण हुई है। गांव में अन्य लोग भी कैंसर से लड़ रहे हैं। कैंसर खतरनाक बीमारी है। पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक स्थिति से भी गुजरना पड़ता है।**

## कैंसर से 25 लोगों की हो चुकी मौत, स्वास्थ्य विभाग करें जांचः लेखपाल

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। ग्राम पंचायत काशीरामपुर के लेखपाल अजब सिंह सैनी का कहना है कि उनके द्वारा घर-घर जाकर जानकारी की गई है, जिसमें पिछले लगभग 10-12 सालों में कैंसर से गांव में करीब 25 लोगों की मौतें हो चुकी है। गांव में सात लोग अभी भी कैंसर की खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं। गांव में लगे सरकारी हैंडपंपों के पानी का सैंपल टीम के द्वारा जांच के लिये भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में इस बीमारी के कारण की जांच किया जाना बहुत आवश्यक है।**

# संदिग्ध मौत के चलते पुलिस ने युवक का शव चिता जलने से पहले कब्जे में लिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा साहनपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव चिता जलने से पहले कब्जे में ले लिया। क्षेत्र के साहनपुर में पेट्रोल पम्प के पास प्रभात नामक युवक अपने परिवार के साथ किराये के कमरे पर रहता था, वह कस्बे में ही फलों के जूस का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। जबकि मृतक की पत्नी स्वास्थ्य विभाग में आशा के पद पर कार्य करती है। वह मूल रूप से ग्राम उमरपुर मीरा थाना कोतवाली शहर बिजनौर का निवासी था। प्रभात की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर मृतक का भाई राकेश कुमार नजीबाबाद पहुंचा। उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जैसे ही उसे अपने भाई प्रभात की मौत का पता चला तो वह गुरूवार की सुबह नजीबाबाद पहुंचा लेकिन तब तक मृतक प्रभात का शव उसकी पत्नी व साला अंतिम संस्कार के लिए शमशान ले गए थे। चिता में आग लगने से पहले ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक की पत्नी कल्पना ने बताया कि 18 फरवरी को प्रभात शराब पीने के बाद नशे की हालत में घर पहुंचा। उसने अपनी तबियत खराब बताई। जिसके बाद उसकी पत्नी उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई, वहां से उसे बाहर रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूचना

मेरे चार पुत्र हरपाल सिंह, जसराम, छोटे सिंह व जोगेंद्र है। जसराम व उसकी पत्नी पूजा व छोटे सिंह मेरे व मेरी पत्नी शान्ति देवी से अभद्र व्यवहार करते हैं। मैने इनके कृत्य से दुखी होकर इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है। ये अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-मंगल सिंह पुत्र गरीबा सिंह, निवासी ग्राम रसूलपुर सैद, पोस्ट राजपुर नवादा, थाना नांगल पर. व तह. नजीबाबाद बिजनौर**



# आरएसएस कार्यकर्ता के यहां हुई चोरी के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया


पास के खेत में लगे पैरों के निशान डॉग को सुंघाते हुए पुलिस

## मनोज के भाई का परिवार शक के घेरे में

मनोज रुहेला की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 305 (ए) तथा 331 (4) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीमें खुलासे के लिये लगी हुई हैं।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार-बृहस्पतिवार की रात्रि ग्राम तिसोतरा में आरएसएस कार्यकर्ता के बंद घर में हुई चोरी के खुलासे के लिये स्थानीय पुलिस के साथ एसओजी को भी लगाया गया है। चोरी हुआ छोटा संदूक कल गन्ने के खेत में पड़ा मिल गया था, जिसमें रखे कागजात सुरक्षित हैं।

ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी एवं आरएसएस के कार्यकर्ता मनोज रुहेला के बंद घर में बुधवार-बृहस्पतिवार की रात्रि ताले, कुंदे काटकर चोरों ने जेवर-नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। जबकि उसी परिसर में निर्मित घरों में रहने वाले उनके भाइयों सुनील रुहेला तथा अरुण रुहेला का कहना है कि चोरों ने उनके घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिये थे।

स्थानीय पुलिस के अलावा फील्ड यूनिट (फोरेंसिक टीम) और डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने एसओजी को भी चोरी की घटना के खुलासे के लिये लगाया है। पुलिस के शक की सुई मनोज रुहेला के भाई के परिवार की तरफ घूम रही है। कल उसके भाई से थाने लाकर पूछताछ भी की गई थी। अन्य सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। उधर चोरी किया गया एक छोटा संदूक तलाशने पर कल घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में पड़ा मिल गया था। मनोज रुहेला ने बताया कि संदूक में बैनामों के कागजात, बैंक की चैकबुक तथा एक डायरी में रखे 2-3 हजार रूपये मिले हैं। अन्य नकदी गायब है। कपड़े भी संदूक में ही रखे मिले।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# लापता युवक का शव पानी में पड़ा मिला

## 10 दिन पूर्व गया था शादी समारोह में

**धामपुर ( चिंगारी )।** 10 दिन पूर्व शादी में गए लापता युवक का शव बगदाद अंसार स्थित ग्राम तरकोली की पुलिया के पास पानी में पड़ा हुआ मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया। परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जानकारी के अनुसार अरशद पुत्र असगर (50 वर्ष) निवासी नई बस्ती पुराना धामपुर हुसैनपुर 10 फरवरी को स्योहारा मार्ग स्थित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज करा दी थी। बताया जाता है कि आज शुक्रवार की प्रात: अरशद का शव बगदाद अंसार मार्ग स्थित ग्राम तरकोली के नजदीक पुलिया के पास पानी में पड़ा हुआ मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया। मृतक के छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो

## पत्रकार परवेज़ आदिल माही की वालिदा का इंतेक़ाल

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पत्रकार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष, कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के चेयरमैन, साहित्यकार, लेखक, वरिष्ठ पत्रकार, शायर व उर्दू शिक्षक परवेज़ आदिल माही की माता अमीना अंजुम (82 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद बृहस्पतिवार की शाम निधन हो गया। उनके निधन से साहित्य व पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मोहल्ला काजी सराय निवासी वरिष्ठ पत्रकार व उर्दू शिक्षक परवेज़ आदिल माही की माता के निधन का समाचार सुनते ही शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। आजाद समाज पार्टी के मुखिया व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद, विधायक मनोज पारस के भाई धर्मेंद्र पारस, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, अग्रणी काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, नगीना डेवलपमेंट हैंडीक्राफ्ट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद अली मुल्तानी, सना ग्रुप के चेयरमैन सरफराज अंसारी, आसपा नेता दीपक कुमार, परवेज पाशी, सांसद प्रतिनिधि विवेक सैन, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, समाजसेवी तनवीर अख्तर, पूर्व सभासद अफजाल कुरैशी, शेख जमशेद आदि ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट


फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# पूंजी के सामने झुकती सरकार

पिछले दो तीन दशकों में सरकारों की प्राथमिकताएं काफी हद तक बदल गई हैं। कई बार तो सरकार पूंजीपतियों/कारपोरेटस के पक्ष में इतनी दोहरी हो जाती हैं कि यह विश्वास करना मुश्किल हो जाता है कि वे वांस्तविक अर्थो में इस देश के आम आदमी की प्रतिनिधि हैं। सरकारें जिस तरह से पहले दिन से ही अब बड़े-बड़े घोटालों में फंसी रहती हैं, महंगाई को बेलगाम बढ़ने की छूट देती रहती है और आम आदमी के पेट तक से खेलने की जुगत में लगी हुयी है, उससे लोकतंत्र में आम आदमी के कल्याण का विश्वास लगातार दम तोड़ रहा है। आजादी के 75 सालों में और मजबूत होने की बजाए लोकतांत्रिक संस्थाएं लगातार कमजोर होती गयी हैं और उनकी चिन्ताओं में आम आदमी लगातार हाशिये पर पहुंचता रहा है। हद तो तब हो जाती है कि जब समाज के कमजोर वर्गो के कल्याण के लिए किये गए आधारभूत प्रबंधों तक को दांव पर लगा दिया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र को, जिसे कभी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 'आधुनिक मंदिर' की उपमा दी थी और भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव के रूप में विकसित किया था, धीरे-धीरे भारतीय अर्थव्यवस्था में सुनियोजित ढंग से दोयम दर्जे पर पहुंचाया जा रहा है। खुली अर्थव्यवस्था को मिल रही भरपूर छूट के बावजूद यदि अभी भी उसकी नवरत्न जैसी  सार्वजनिक कम्पनियां मौजूद हैं तो यह निजी क्षेत्र पर पब्लिक सेक्टर की बेहतरी का प्रमाण है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पब्लिक सेक्टर का लक्ष्य जहां मूलत: जनकल्याण और  आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना होता है, वहीं निजी क्षेत्र के लिए सिर्फ और सिर्फ मुनाफ़ा ही एकमात्र लक्ष्य हुआ करता है। विदेशों में खुली अर्थव्यवस्था के कुछ सामाजिक सरोकार भी सामने आते रहे हैं, मगर भारत में यह क्षेत्र ऐसे किन्ही सरोकारों को प्रोत्साहन तो दूर, उनकी गम्भीर चर्चा तक से बचने की कोशिश करता है। इसी के चलते भारत में कथित आर्थिक सुधारों के नाम पर फल-फूल रहा निजी क्षेत्र इन दिनों सारी लोकतांत्रिक मान्यताओं और अपेक्षाओं को एक किनारे रख अकूत मुनाफा कमाने में दिन-रात लगा हुआ है। वैश्विक पूंजी की उसके पास कोई कमी नहीं है और इसके चलते तक कई बार सरकारें तक उनके सामने बौनी नजर आती हैं।

# आयुर्वेद केवल औषधि नहीं



**-वैद्य दिव्यांश, BAMS**
**धन्वंतरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज चंडीगढ़**

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी बन गया है। अनियमित खानपान, तनाव, देर रात तक जागना और शारीरिक श्रम की कमी के कारण अनेक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद हमें संतुलित, प्राकृतिक और समग्र जीवन का मार्ग दिखाती है।

चरक संहिता और सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथों में आयुर्वेद को केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत किया गया है। आयुर्वेद का मूल सिद्धांत है- 'स्वस्थ्स्य स्वास्थ्य रक्षणम, आतुरस्य विकार प्रशमनम'

अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग का शमन करना।

## स्वास्थ्य की आयुर्वेदिक परिभाषा

आयुर्वेद के अनुसार वही व्यक्ति पूर्णत: स्वस्थ है, जिसका वात, पित्त और कफ (त्रिदोष) संतुलित हो, पाचन शक्ति (अग्नि) सुदृढ़ हो, धातुएं संतुलित हों, मल क्रिया नियमित हो तथा मन, इंद्रियां और आत्मा प्रसन्न हों। स्पष्ट है कि आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा- तीनों के संतुलन को ही वास्तविक स्वास्थ्य मानता है।

## दिनचर्या का महत्व

आयुर्वेद में 'दिनचर्या' को स्वस्थ जीवन की आधारशिला माना गया है। ब्रह्म मुहुर्त में जागना।

प्रात: गुनगुना जल पीना, योग, प्राणायाम और ध्यान।

नियमित समय पर भोजन।

रात्रि में समय पर सोना।

नियमित दिनचर्या शरीर की जैविक घड़ी को संतुलित करती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है।

## संतुलित एवं सात्विक आहार

आयुर्वेद कहता है- जैसा आहार, वैसा विचार।

ताजा, मौसमी और घर का बना भोजन स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। अधिक तला-भुना, डिब्बाबंद और रसायनयुक्त खाद्य पदार्थ शरीर में आम (विषाक्त तत्व) उत्पन्न करते हैं, जो अनेक रोगों का कारण बनते हैं।

भोजन करते समय ध्यान रखें- शांत मन से भोजन करें। भूख के अनुसार खाएं, अधिक भोजन से बचें।

पानी सीमित मात्रा में पीयें।

## त्रिदोष संतुलन

वात असंतुलन से गैस, जोड़ों का दर्द और अनिद्रा।

पित्त वृद्धि से अम्लता, चिड़चिड़ापन और त्वचा विकार।

कफ अधिक होने पर मोटापा, आलस्य और श्वसन संबंधी समस्याएं।

उचित आहार-विहार और आवश्यकता अनुसार आयुर्वेदिक औषधियों से इनका संतुलन संभव है।

## मानसिक स्वास्थ्य और अध्यात्म

आयुर्वेद मन और शरीर को एक-दूसरे का पूरक मानता है। ध्यान, प्रार्थना, सकारात्मक सोच और संयमित जीवन मानसिक शांति प्रदान करते हैं। तनावमुक्त जीवन ही रोगमुक्त जीवन की कुंजी है।

## ऋतुचर्या का पालन

हर ऋतु के अनुसार आहार-विहार में परिवर्तन करना चाहिए। गर्मी में शीतल और सर्दी में ऊष्ण तासीर वाले आहार का सेवन लाभकारी है। प्रकृति के साथ सामंजस्य ही स्वास्थ्य का रहस्य है।

## निष्कर्ष:

आयुर्वेद केवल औषधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। यदि हम संतुलित दिनचर्या, सात्विक आहार और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं तो न केवल रोगों से बच सकते हैं, बल्कि दीर्घ और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

आवश्यक है कि हम अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा को समझें और आधुनिक जीवन में उसका समावेश करें। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि भीतर के संतुलन से प्राप्त होता है।

# उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण पर बढ़ा विवाद

## धामी सरकार ने किया उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण गठित

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण को लेकर सियासी और सामाजिक बहस ने नया मोड़ ले लिया है। राज्य सरकार जहां इसे संवैधानिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में ठोस पहल बता रही है, वहीं राजनीतिक दल और संगठनों का आरोप है कि इस प्रक्रिया के जरिए संस्थानों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है।  इन सबके बीच उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने खुलकर कहा है कि प्राधिकरण को लेकर समाज में जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और छात्रों को बेहतर अवसर देना है। मामला इसलिए भी अहम हो जाता है, क्योंकि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षणिक संस्थान लंबे समय से सामाजिक ताने बाने का हिस्सा रहे हैं। अब जब सरकार ने इन्हें संस्थागत ढांचे में और व्यवस्थित करने की पहल की है, तो इसे लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण सामने आ रहे हैं।

उत्तराखंड में कई बार शैक्षिक संस्थान विवादों में पड़ते रहे हैं। मौजूदा सरकार के दौरान ही ऐसी कई चर्चाएं सामने आई हैं, जिस वजह से प्रदेश के कई ऐसे शिक्षा संस्थान देश में चर्चा में रहे हैं। अब अगर प्राधिकरण निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से काम करता तो यह संस्थानों को अनावश्यक विवादों से राहत दिला सकता है और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित कर सकता है। जब सीएम धामी ने इसका गठन करने पर बयान दिया था, तो पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा से जुड़े संस्थानों का डाटा संकलन, पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और शैक्षणिक मानकों की समीक्षा जैसे कदम उठाए हैं।

“ मदरसा शिक्षा बोर्ड के स्तर पर भी सत्यापन अभियान चलाया गया था, जिसमें कई संस्थानों की आधारभूत संरचना छात्र संख्या और पाठ्यक्रम की स्थिति का आकलन किया गया। सीएम के अनुसार इन प्रयासों का उद्देश्य किसी संस्था को बंद करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने, वित्तीय लेनदेन में स्पष्टता और आधुनिक विषयों को शामिल करने की दिशा में भी पहल की गई है। सरकार ये बात बार-बार कह रही है कि कंप्यूटर शिक्षा, विज्ञान, गणित और कौशल विकास जैसे विषयों को प्रोत्साहन देने के लिए ही इस का गठन किया गया है।

**-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

## भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण : मुफ्ती शमून

उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा है कि अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण को लेकर गलत धारणाएं फैलाना सही नहीं है। उनके अनुसार कुछ लोग अपने स्वार्थ के कारण समाज में शंकाएं पैदा कर रहे हैं। जबकि प्राधिकरण का मकसद शिक्षा को बेहतर बनाना और विद्यार्थियों को आधुनिक दौर के अनुरूप तैयार करना है। धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों का समावेश समय की मांग है। यदि छात्र तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ेंगे तो उनका भविष्य अधिक सुरक्षित होगा। प्राधिकरण के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

**-मुफ्ती शमून कासमी,** अध्यक्ष, मदरसा शिक्षा बोर्ड, उत्तराखंड

# उत्तराखंड में डिजिटल जनगणना की तैयारियां ज़ोरों पर

**देहरादून ( चिंगारी )।** जनगणना के पहले चरण के तहत उत्तराखंड राज्य में मकान सूचीकरण एवं गणना का काम 25 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। जिसके लिए जनगणना निदेशालय तैयारियों में जुटा हुआ है। वर्तमान समय में अधिकारियों की जनगणना कार्य से संबंधित ट्रेनिंग प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि आगामी संभावित 25 अप्रैल से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण एवं गणना से ठीक 15 दिन पहले यानी करीब 9 अप्रैल से स्वगणना की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। देश में पहली बार नागरिकों को स्वगणना का विकल्प मिल रहा है। स्वगणना कराए जाने की मुख्य वजह यही है कि जनगणना में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको इसके प्रति जागरूक किया जा सके। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से देश में जनगणना से संबंधित अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है, जिसके तहत देशभर में दो चरणों में जनगणना प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य और दूसरे चरण में लोगों की गणना की जाएगी। इसके लिए तिथियां का भी ऐलान कर दिया गया है। लिहाजा, अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच देश भर में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाना है। इसके बाद जनगणना के दूसरे चरण के तहत 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच देश भर में लोगों की गणना की जाएगी। हालांकि, देश के स्नोबाउंड क्षेत्रों में लोगों के गणना का कार्य 1 सितंबर से 30 सितंबर 2026 के बीच की जाएगी।

# पीड़ित परिवार को फंसाने के लिए हत्यारोपी ने बाइक में खुद आग लगाई और थाने पहुंच गया

## पुलिस जांच में हुआ खुलासा

बढ़ापुर (चिंगारी)। हत्या का एक आरोपी षड्यंत्र के तहत अपनी बाइक में आग लगाकर थाना बढ़ापुर पहुंच गया और जिस व्यक्ति के क़त्ल का वह आरोपी है, उसी पीड़ित परिवार को फंसाने के लिए उनके विरुद्ध नामजद तहरीर दे दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो मामला संदिग्ध निकला।

बुधवार को देर रात थाना क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी तथा वर्तमान में थाना स्योहारा में निवास करने वाला शहजाद पुत्र जमीर थाना बढ़ापुर पहुंचा और पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह रात्रि 11 बजे जब गांव गोपीवाला जा रहा था तो रास्ते में कस्बा के मोहल्ला सत्तियान निवासी मतलूब, अय्यूब व अय्यूब के पुत्र ने उसे रोककर उसके साथ मारपीट की तथा हाथ-पैर बांधकर उसे खेत में डाल दिया और उसकी बाइक में आग लगाकर मौके से भाग गए। तहरीर मिलते ही पुलिस तुरन्त ही मौके पर पहुंच गई। मौका मुआयना के दौरान पुलिस ने देखा तो बाइक में चाबी लगी हुई थी तथा बाइक की टंकी भी बंद थी। घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने घटना की तह तक जाने के लिए तत्काल ही बाइक में आग लगाने वाले आरोपियों के घर पहुंच गई। पुलिस ने जब आरोपियों के घरों पर आवाज लगाई तो उस समय वह सो रहे थे तथा आंख मलते हुए बाहर आए। पुलिस आरोपियों को रात में ही थाने ले आई, और बाइक स्वामी से उनका आमना-सामना कराया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। बताया जाता है कि जिस बाइक में आग लगाई गई है, उसका मालिक शहजाद पुत्र जमीर व उसकी पत्नी नजराना थाना बढ़ापुर में पंजीकृत अपराध संख्या 333/ 2014 में मर्डर के आरोपी हैं तथा न्यायालय से जमानत पर छूटे हुए हैं। हत्यारोपी शहजाद ने बाइक में आग लगाने के लिए जिन लोगों पर आरोप लगाया है, उन्हीं मतलूब व अय्यूब के भाई इब्राहिम के मर्डर का वह आरोपी है। षड्यंत्र के तहत ही पीड़ित परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए हत्यारोपी शहजाद ने सारा ताना-बाना बुना था। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जांच-पड़ताल की तो घटना संदिग्ध पाई गई है। बाइक में आग लगाने की सूचना देने के बाद से शहजाद फरार है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
दूसरा रोजा : शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:13, शिया 6:24
तीसरा रोजा : शनिवार, 21 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:26, शिया-5:19


# 'इंतज़ार मेरे यार का' गीत की शूटिंग का मुहूर्त



**बिजनौर (चिंगारी)। रे फिल्म्स प्रोडक्शन ने आरज़ू खान के दूसरे गीत 'इंतज़ार मेरे यार का' की शूटिंग का मुहूर्त जिम्मी सिंह की कोठी पर उनके पति अशोक चौधरी ने नारियल फोड़कर किया।**

निर्माता निर्देशक आलोक गोविल के अनुसार रे फिल्म्स प्रोडक्शन उभरती प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करता है। पहले भी आलोक गोविल ने आरज़ू खान का गीत 'मान जा वे' को रिलीज किया था, जिसका शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार और सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने किया था, जिसे हजारों दर्शक यू ट्यूब चैनल पर देख चुके हैं और काफी सराहना मिली है। आरज़ू खान के नये गीत 'इंतज़ार मेरे यार का', का बिजनौर के घेर रामबाग मोहल्ला जाटान में समाजसेवी जिम्मी सिंह की कोठी पर उनके पति अशोक चौधरी ने नारियल फोड़कर किया। इस वीडियो एलबम की शूटिंग में अनंत और शिवानी ने अभिनय किया है। आवाज सुजाता कौशिक की है, संगीत साजिद अक्काशी का है। आरज़ू खान के लिखे इस गीत के डीओपी अंकुर, मेकअपमेन रिंकू रंगीला, निर्माता आरज़ू खान और डायरेक्शन तथा स्क्रिप्ट आलोक गोविल की है। यह गीत ईद पर रिलीज़ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरज़ू खान मोहल्ला चाहशीरी निवासी नसीम अहमद की पुत्री है और कानून की पढ़ाई भी कर रही हैं।

# आज व कल बिजनौर में लगेगा परिवहन मेला

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद बिजनौर के वाहन स्वामियों के लिए अच्छी खबर है। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर, बिजनौर में आज 20 एवं 21 फरवरी 2026 को दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। परिवहन मेले में दो पहिया वाहन, तिपहिया मोटर कैब, ई-रिक्शा, मोटर कैब, मैक्सी कैब, हल्के भार वाहन (7500 किलोग्राम तक) तथा विशेष प्रयोजन व संनिर्माण उपकर यानों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वाहन मूल्य के आधार पर एकमुश्त कर (ओटीटी) की व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय सीमा की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मेले में वाहन स्वामियों की समस्याओं का मौके पर ही नियमानुसार समाधान किया जाएगा तथा कर भुगतान एवं समायोजन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर परिवहन मेले का लाभ उठाएं।

# इशिका ने जेईई मेन परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



नांगल सोती (चिंगारी)। आरपीएस सीनियर सैकेंड्री पब्लिक स्कूल चंदक की कक्षा 12 की होनहार छात्रा इशिका राजपूत पुत्री स्व. संजय राजपूत निवासी सबलपुर बींतरा ने जेईई मेन 2026 की परीक्षा में 99.7 परसेंटाइल स्कोर किया है। इशिका राजपूत को स्कूल के चेयरमैन डा. बीरबल सिंह, मैनेजर तपराज सिंह देशवाल सहित समस्त स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# विवेक विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स लीग 2026 का शुभारम्भ



बिजनौर (चिंगारी)। विवेक विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता विवेक स्पोर्ट्स लीग-2026 का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलाधिपति इं. दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. एनके गुप्ता, कुलसचिव डॉ. हितेश शर्मा, खेल संयोजक डॉ.संजय कुमार त्यागी और खेल अधिकारी डॉ.मुकुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

विवेक स्पोर्ट्स लीग 2026 के प्रारम्भिक मुकाबलों में शतरंज, बैडमिंटन, कबड्डी, बॉलीवॉल, खो-खो और क्रिकेट के मैच आयोजित किये गये। शतरंज प्रतियोगिता आयुर्वेदा कॉलिज के हॉल में शुरू हुई। जबकि बैडमिंटन के मैच फार्मेसी बैडमिंटन कोर्ट पर खेले गये। अन्य सभी खेल प्रतियोगिताएं विवेक स्पोर्ट्स ग्राउण्ड नार्थ कैम्पस पर आयोजित किये गये। कबड्डी मुकाबलों में ध्यानचंद हाउस ने मनु भाखर हाउस पर, राठौर हाउस ने सिंधु हाउस तथा मिल्खा हाउस ने ध्यानचंद हाउस पर जीत दर्ज की। मिल्खा हाउस अधिकतम अंकों के साथ अपने पूल में पहले स्थान पर रहा। बालीवॉल मुकाबलों में मनु हाउस ने ध्यानचंद हाउस पर, मिल्खा हाउस ने बिन्द्रा हाउस पर जीत दर्ज की। क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में मिल्खा हाउस ने सिंधु हाउस पर सात विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्रिकेट सेमीफाइनल में मुकाबला बिन्द्रा और मनु भाखर के मध्य कांटे का मुकाबला हुआ, जिसमें मनु भाखर ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। इन सभी खेलों के फाइनल मुकाबले 21 फरवरी को होने हैं। आज एथलीट की सभी प्रतियोगिताएं होनी हैं,जिसमें रेस, रिले रेस, लम्बी कूद, शॉटपुट, डिस्क थ्रो और टग ऑफ वार की प्रतियोगिताएं होंगी। खेल आयोजन समिति में डा. विशाल कुमार, डा.अनिल पटेल, इं. प्रखर अग्रवाल, प्रियांशु शहरावत, प्रांशु कुमार, आशीष शर्मा ने खेलों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करायेंगे। आयोजन को सफल बनाने में विश्वजीत सिंह, डा. राजीव चौधरी, डा. दीप्ति डिमरी, डा. रंगनाथन, अभय प्रताप सिंह, विपुल अग्रवाल, सौरभ कुमार, महजबीन, तृप्ति सिंह, निधि सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, नदीम आदि का योगदान रहा।

# ग्राम हर्रा में एसडीएम ने किया तालाब का लोकार्पण

## धामपुर शुगर मिल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



ग्राम हर्रा में हैल्थ कैम्प का फीता काट कर शुभारंभ करते हुए उप जिलाधिकारी।



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता

**धामपुर ( चिंगारी )।** उप जिलाधिकारी, धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा द्वारा नहटौर मार्ग स्थित ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान श्रीमती अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान पति आदित्य वीर सिंह, गजूपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह और समाजसेवी चौधरी अरुण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उप जिलाधिकारी का शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया और प्राइमरी पाठशाला हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की ओर से बच्चों और ग्रामवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मोबाइल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन उप जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। तदुपरांत तालाब पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित सुनील शास्त्री द्वारा पूजा-पाठ कर शिलापट का अनावरण करवाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन के सामाजिक दायित्वों के तहत किये जा रहे सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी, धामपुर ने सभी ग्राम वासियों को तालाब की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए धामपुर शुगर मिल प्रबंधन को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर निष्काम गुप्ता ने कहा कि धामपुर शुगर मिल सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्य को करने का बीड़ा धामपुर शुगर मिल ग्रुप के चेयरमैन कुं. अशोक कुमार गोयल ने उठाया है उन्हीं की प्रेरणा पर धामपुर शुगर अपने मिल एरिया के दो गांवों में तालाबों की सफाई, सुंदरीकरण, वृक्षारोपण, 200 सोलर लाइट, 15 हैंड पंप स्थापित किए गए हैं तथा ग्रामवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नि:शुल्क कैंप आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम में प्राइमरी पाठशाला की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता देवी के दिशा निर्देशन में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत करके चार चांद लगाये। मिल की ओर से बच्चों को किताबें, कॉपियां पेंसिल, रबर, कटर, कलर की किट उप जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की गई तथा स्कूल के उपयोग हेतु दरी व ट्यूबलाइट्स प्रधानाचार्या श्रीमती ममता देवी को सौंपी गई।

इस अवसर पर ग्राम हर्रा के चौधरी रवि पाल सिंह, राजवीर सिंह, मास्टर वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान पति ओमपाल सिंह, सौरभ चौहान, जतिन चौधरी, बृजपाल सिंह, सुमित, रणवीर सहरावत, शमशाद हुसैन, अशोक कुमार तथा शुगर मिल के अधिकारी कर्मचारी ओमवीर सिंह, विवेक सिंह यादव, स्मृति यादव, अरुण चौहान, भारत भूषण बरनी, शरद गहलोत, विनोद राणा, वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार पांडेय, दिनेश राजपूत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## छह वर्षीय हानिया ने रोज़ा रखा



**धामपुर ( चिंगारी )।** रमजान का महीना शुरू होते ही मुस्लिम आवादी वाले क्षेत्रों में रूहानी माहौल है। बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी बड़ी तादाद में रोजे रख रहे है। निकटवर्ती ग्राम सरकड़ा चकराजमल में छह वर्षीय हानिया पुत्री अदील अहमद ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा। इस अवसर पर हानिया ने ताया बहार आलम मैनेजिंग डायरेक्टर अर्शमान फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी जाकिर नगर नई दिल्ली ने दावते इफ्तार का प्रबंधन किया, जिसमें बस्ती के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। सरकड़ा चकराजमल से प्रकाशित होने वाली उर्दू की त्रिमासिक पत्रिका मुशीर-ए अम्न के सम्पादक फखरूद्दीन फख ने हानिया को विशेष दुआओं से नवाजा और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हंगामा समिति ने मनाई शिवाजी महाराज की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक, विमला भटनागर, सृष्टि, खुशी, अनिता, कविता, आशा गोस्वामी आदि द्वारा हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक, महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित करके नमन किया गया। कार्यक्रम में विमला भटनागर, राखी उपासना ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक और एक महान योद्धा थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। शिवाजी के पिता शाहजी भोंसले और माता जीजाबाई थीं। जिन्होंने उन्हें धर्म, वीरता और न्याय की शिक्षा दी जबकि दादा कोंडदेव ने युद्ध कला सिखायी थी।

## ‘स्वच्छ रखो वार्ड’ प्रतियोगिता का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता हेतु नगर पालिका के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के द्वारा नगर क्षेत्र धामपुर की जनता से अपील की गई है कि वह अपने-अपने भवनों एवं प्रतिष्ठानों का कचरा अलग-अलग गाड़ियों को दें एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें एवं ना ही किसी को करने दें। उन्होंने कहा कि गीले कचरे को अपने घर पर खाद बनाकर प्रयोग करें एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में अपने वार्ड को प्रथम स्थान लाने में पालिका का सहयोग करें। क्योंकि सुंदर धामपुर, स्वच्छ धामपुर एवं प्लास्टिक मुक्त धामपुर हम सब की प्राथमिकता में शामिल है।




## आखिरकार शुरू हो ही गया सड़क चौड़ीकरण का कार्य



सड़क चौड़ीकरण के कार्य का शुभारंभ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** पिछले 6 महीने से अधर में लटका दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण का कार्य आखिरकार लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है।

धामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने प्रदेश सरकार से 28 करोड रुपए से दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक के 4 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण करने के कार्य की मंजूरी कराई थी। जनता की सुविधा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वीकृत कराये गये इस सड़क चौडीकरण को करके डिवाइडर रोड का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान सड़क की डिवाइडर रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा पोल खड़े करके स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत प्रथम चरण में डीपीएम का कार्य करके सड़क को काला किया जा रहा है जिसकी दो लेयर होगी। इसके बाद बीसी का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क की दोनों साइड में नालों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस मार्ग पर तीन पुलियों का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि वन विभाग के कारण यह कार्य देरी से शुरू हो पा रहा है।



# तुग़लक़ी फ़रमान : गौवंश की सेवा नहीं कर सकते श्रीमान

## गौ सेवकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत सिक्कावाला की गौशाला एक बार फिर अधिकारियों द्वारा दिये गए तुगलकी फरमान को लेकर सुर्खियों में है। गौसवकों का आरोप है कि गौशाला के गेट पर अधिकारियों ने ताला लगवाकर गौशाला में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके चलते वह गौ सेवा नहीं कर पा रहे हैं।

जनवरी माह में ग्राम पंचायत सिक्कावाला द्वारा संचालित गौशाला ठंड और भूख से हुई गौवंश की मौतों को लेकर सुर्खियों में रही थी। इस घटना के चार माह पूर्व से गौशाला में गौवंश को हरा चारा नहीं दिया जा रहा था, इसके चलते सूखा भूसा खा-खाकर कमजोर हुए गौवंश ठंड के मौसम में तड़प-तड़पकर मरने लगे थे। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार-पत्रों ने जब गौवंश की मौतों और गौशाला की 84 बीघा भूमि पर अवैध कब्जों के मामले को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया, तब जाकर जिला प्रशासन हरकत में आया था, जिसके बाद से गौवंश को हरा चारा देना शुरू किया गया था और गौवंश की भूमि को भी तहसील प्रशासन नगीना की टीम ने कब्जामुक्त कर दिया था।



गौशाला में प्रवेश न मिलने पर विरोध जताते गौ सेवक

इस बार गौशाला में गौसेवकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए जाने से एक बार गौशाला पुन: सुर्खियों में है। नगर निवासी अदिति गुप्ता तथा श्रीराम सेना संगठन के जिला अध्यक्ष राजूपाल व भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष रघुनाथ पाल का आरोप है कि बीते एक माह से गौशाला में गौ सेवकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनका आरोप है कि जब गौ सेवक गौशाला में गौवंश के लिए रोटी, गुड़ या हरा चारा लेकर पहुंचते हैं तो गौशाला के केयर टेकर यह कहकर गौसेवकों को वापस लौटा देते हैं कि पहले बीडीओ मैडम से परमिशन लेकर आओ तभी गौशाला में प्रवेश मिल सकेगा। बीडीओ के आदेश पर तीखी टिप्पणी करते हुए वह कहती हैं कि ऐसा कोई आदेश उन्हें गौ सेवा करने से रोक नहीं सकता है। बीते एक सप्ताह से महिलाएं प्रतिदिन गौशाला पहुंच रही हैं किंतु उन्हें गौशाला में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि गौशाला में बीमार पड़े गौवंश की हालात को नगरवासियों से छुपाया जा सके। गुरुवार को भी खंड विकास अधिकारी कोतवाली के उक्त आदेश के विरोध में अदिति गुप्ता, बबीता गुप्ता, निर्देश ठाकुर, शोभा शर्मा, रेनू गुप्ता, पिंकी चंद्रा, राजू पाल, सचिन गुप्ता, रघुनाथ पाल आदि ने गौशाला पहुंचकर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कोतवाली, ज्योति चौधरी ने बताया कि पिछले माह गौशाला से कुछ रजिस्टर चोरी हो गए थे, इसलिए गौशाला के गेट पर ताला लगा दिया गया है। जब भी कोई व्यक्ति गौशाला पहुंचता है और उनसे परमिशन लेता है तो उसे गौशाला में प्रवेश मिल जाता है।

# भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी संगठन पर विचार-विमर्श



कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बॉबी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरूवार को भाजपा के जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि व हरजिंदर कौर, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन त्यागी, महेंद्र धनोरिया, सीपी सिंह, महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख चौ. तपराज सिंह देशवाल, विजेंद्र चौधरी, आकांक्षा चौहान, अंकित चौधरी, जिला महामंत्री विनय राणा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, पूनम गोयल, जिला कोषाध्यक्ष के.के. रवि, माया पाल, विनोद राठी, चौधरी धीर सिंह, विकास अग्रवाल, सुनील राजपूत, संजीव गुप्ता, सुधींद्र कुमार, शोभित त्यागी, रजनी कालरा, गोपाल धीमान, जितेंद्र राजपूत, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पुष्पराज कमल, वरुण आत्रे, वरुण राजपूत, हेमंत कुमार, अश्विनी कुमार पंडित, वीरेन्द्र शर्मा, संजू प्रधान आदि उपस्थित रहे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल में वृद्धि करना है। इस महाअभियान का लक्ष्य बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

दूसरा रोजा : शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:13, शिया 6:24
तीसरा रोजा : शनिवार, 21 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:26, शिया-5:19

# वीकेआईटी का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टेक (कम्प्यूटर साइंस) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीटेक प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार ने 75.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सेठ ने 79.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 81.55 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं सप्तम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 89.33 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एन.ई.पी. शिक्षा को लचीला बनाने का महत्वपूर्ण कदम : डा. रेशु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन समिति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति गुण एवं अवगुण विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं प्राध्यापकों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों, उसके सकारात्मक पहलुओं तथा संभावित चुनौतियों से अवगत कराना था।





इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डा. रेशु शर्मा, असि. प्रो. शिक्षा विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक एवं कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही उन्होंने नीति के कुछ संभावित अवगुणों एवं चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है और महाविद्यालय इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम सम्पन्न कराने में समिति के अन्य सदस्य डा. मृदुल रानी, शताक्षी शर्मा, डा.आबिदा ख़ातून का सहयोग रहा।

# प्राचीन शिव मंदिर में हुई नवीन मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां रम्मू के चौराहे (पुरानी तहसील) स्थित नगर की प्राचीन अग्रवाल धर्मशाला (अग्रसेन भवन) में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बृहस्पतिवार को भगवान सावरिया सेठ व लक्ष्मी नारायण जी की नवीन मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा विधि विधान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धा भक्ति के उल्लासमय वातावरण में की गई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजयमान रहा।

तीन दिन चले प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के शुभारंभ में 17 फरवरी को बाहर से लायी गई मूर्तियों की नगर यात्रा निकाली गई। मंदिर में मूर्तियों का गेहूं-फलों के साथ ढककर मूर्ति वास कराया गया तथा दो दिन तक मंत्रोच्चारण सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। संगमरमर के पत्थरों के साथ अनूठी कलाकृतियों के बीच बने भव्य मंदिर को फूलों वंदनवारों व बिजली की झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।

भीनी-भीनी सुगंध के साथ रात्रि में मंदिर की मनोहारी छटा किसी भव्य तीर्थस्थल के समान आने- जाने वाले लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृषित करा रही थी। बाहर से आये पुरोहितों व विद्धानों की टोली द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, घंटे घड़ियाल शंख की ध्वनि के जयकारों के मध्य पूजा अर्चना के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ में स्नान, यज्ञ हवन, मुख्य आरती, श्रृंगार आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। तीन दिन तक चले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र का वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया था।



### सांवरिया सेठ का प्रथम मंदिर

आयोजकों ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर जनपद का प्रथम ऐसा मंदिर होगा, जहां भगवान सांवरिया सेठ विराजमान होंगे। जिससे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और मजबूत होगी तथा श्रद्धालुओं को उनके नियमित दर्शन का लाभ मिलेगा। भगवान कृष्ण के एक और रूप सांवरिया सेठ की राजस्थान में बहुत अधिक मान्यता है। वहां के बड़े-बड़े व्यापारी व्यवसाय में अधिक लाभ अर्जित की कामना से उनके नाम की पर्चियां डालते हैं।

### अग्रवाल धर्मशाला

70-80 वर्षों से अधिक अग्रवाल धर्मशाला जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में पहुंच गई थी, जिसे देखकर उसके प्रति गहरी श्रद्धा व आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं का मन दुखी रहता था। समाज के जागृत लोगों ने समस्त हिंदू समाज के सहयोग से अपनी इस पुरानी धरोहर के पुर्ननिर्माण (जीणोद्वार) का बीड़ा उठाया। वर्तमान में समस्त हिंदू समाज के सहयोग से इसका पुर्न निर्माण कराया गया। निर्माण कराते हुए धर्मशाला में स्थित प्राचीन शिव मंदिर की पुरानी प्रतिमाओं के साथ प्राचीन रूप का विशेष ध्यान रखा गया। मंदिर में शिवलिंग, हनुमान जी की प्रतिमाओं की प्राचीन प्रतिमाओं के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमायें भी स्थापित हैं और राम दरबार, सालासर बाजाली, मां सरस्वती व मां भवानी की नयी प्रतिमाओं की नवरात्रों में स्थापना की जायेगी। नीचे दो बड़े हॉल के साथ प्रथम मंजिल पर भी भव्य हॉल बनाया, जिसे हिंदू समाज के सामाजिक कार्यों के लिये प्रयोग में लिया जायेगा।

### इन लोगों की उपस्थिति रही

सर्वश्री राजीव सिंघल, आशीष आशू, संजीव सिंघल, संजय गुप्ता एड., विकास अग्रवाल भाजपा नेता, रचित, वैभव अग्रवाल मुख्य यजमान, सजल अग्रवाल, दिव्य अग्रवाल, निश्चल अग्रवाल, अचल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अजय ग्रवाल, अमन अग्रवाल, नीरज, उ.प्र. महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल, राखी, उर्मिला अग्रवाल, आशा अग्रवाल, राशि, सोनी अग्रवाल, मधू अग्रवाल, माधवी अग्रवाल, मीनू गुप्ता, विपिन बंसल, मीनू बंसल, आयुष बंसल, अनमोल बंसल, निशि अग्रवाल, रोहन, रितिन, अनुज (राजू) अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। अपनी प्राचीन धरोहर के नये व भव्य रूप में देखकर समाज के लोग अत्यंत आनंदित व प्रफुल्लित नजर आ रहे थे।

## बच्चों पर तरस खाएं



**-सत्यराज**

फरवरी-मार्च का समय यानी बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं का समय होता है। पूरे साल दिन-रात मेहनत करके बच्चे अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए परीक्षाओं के माध्यम से एक मजबूत नहीं रखते हैं। 17-18 फरवरी से सीबीएसई और बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। परीक्षा देने वाले सभी छात्र-छात्राएं इन दिनों परीक्षा तनाव के स्वाभाविक दबाव से गुजर रहे हैं। बदलते दौर में माता-पिता भी अपने बच्चों की परीक्षाओं को लेकर अतिरिक्त दबाव में रहते हैं, बच्चों को लेकर हर संभव सहयोग भी करते हैं। बच्चों के प्रति यह पारिवारिक जिम्मेदारी मानी जा सकती है, लेकिन इस तरह परीक्षा दे रहे बच्चों के लिए हमारे सामने सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। मतलब यह की हर घर न सही, लेकिन हर गली में अनेक बच्चे आजकल परीक्षा की तैयारी में व्यस्त हैं, लेकिन देखा जा रहा है कि आधी रात तक सड़कों पर शादी-बारातों का शोर, मोहल्लों में तेज ध्वनि प्रसारण यंत्रों के माध्यम से कथा - कीर्तन और अखंड रामायण जैसे धार्मिक आयोजन सुनाई पड़ रहे हैं। लोग रात में भी लाउडस्पीकरों की आवाज़ कम नहीं करते। ऐसे में परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों में तनाव पैदा हो जाता है। धार्मिक अनुष्ठान और प्रदर्शन मानकर लोग विरोध करने में हिचकिचाते हैं, लेकिन सामाजिक दायित्व समझते हुए आयोजक ही कम से कम रात में ध्वनि प्रसारण यंत्रों को बंद अथवा अत्यंत धीमा कर सकते हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश हैं की रात में 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बंद करने और ध्वनि नियंत्रण कर रखने के हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं देता। उन्हें सोचना चाहिए कि ऐसे बच्चे प्रत्येक घर में रहते आए हैं और परीक्षाएं देते रहे हैं और देते रहेंगे।



## सहस्त्रधारा हेलीड्रोम में एटीसी निर्माण के लिए 5.39 करोड़ को मिली मंजूरी

**देहरादून ( चिंगारी )।** राज्य में पिछले साल हुए तमाम हेली दुर्घटनाओं के बाद एटीसी निर्माण पर जोर दिया जाता रहा है। जिसके क्रम में देहरादून स्थित सहस्त्रधारा हेलीड्रोम में एटीसी टावर लगाए जाने का निर्णय लिया गया था। जिस पर शासन स्तर से सहमति मिलने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एटीसी टावर निर्माण के लिए 5.39 करोड रुपए की धनराशि को मंजूरी दे दी है। ऐसे में जल्द ही सहस्त्रधारा हेलीड्रोम में एटीसी टावर निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। हालांकि, आगामी चारधाम यात्रा के लिहाज से भी एटीसी का निर्माण काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पिछले कुछ सालों के दौरान हुई हेली दुर्घटनाओं की वजह से हेली सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। यही नहीं, पिछले साल हेली दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए और यूकाडा ने हेली सेवा संचालन में सुरक्षा मानकों को लेकर पूरी तरह अलर्ट हो गया है। साथ ही हेलीकॉप्टर संचालन के दौरान मौसम की सटीक जानकारी मिल सके, इस पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में एटीसी टावर यानी एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर लगाया जा रहा है। वहीं, सहस्त्रधारा हेलीड्रोम में भी एटीसी टावर लगाए जाने को लेकर बजट को मंजूरी मिल गई है। ताकि मौसम खराब होने की वजह से होने वाले हेली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# उत्तराखंड सरकार प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा के लिये पूर्णतः प्रतिबद्ध - वन मंत्री

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वन्य संपदा की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले कर्मियों का बलिदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वन मंत्री उत्तराखंड सुबोध उनियाल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के धनगढ़ी वन परिसर का दौरा किया। उन्होंने सर्वप्रथम वन विभाग के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वन्य संपदा की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले कर्मियों का बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। विभाग उनके आदर्शों पर चलते हुए संरक्षण कार्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इस दौरान श्री उनियाल ने फॉरेस्ट फायर टीम का निरीक्षण किया। टीम द्वारा अग्निशमन उपकरणों, संचार प्रणाली और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था का प्रदर्शन किया गया। मंत्री ने टीम की तत्परता और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए वनाग्नि नियंत्रण को लेकर व्यापक जनसहभागिता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीणों, वन पंचायतों और स्थानीय समुदायों को जोड़कर प्रभावी रोकथाम की रणनीति लागू की जाए।


बाघ बाड़ों का फीता काटकर शुभारंभ करते वन मंत्री सुबोध उनियाल।

वन मंत्री ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचे, जहां बाघ बाड़ों का उद्घाटन कर बाघों को विधिवत रिलीज किया गया। बताया जाता है कि ढेला रेस्क्यू सेंटर में पूर्व में संचालित 20 बाड़ों के अतिरिक्त 10 नये बाड़ों का निर्माण किया गया है, जिससे अब कुल क्षमता 30 वन्यजीवों के संरक्षण, उपचार और पुनर्वास की हो गई है। इस दौरान उन्होंने रेस्क्यू सेंटर की चिकित्सीय लैब का भी उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियों से निपटने में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन व त्वरित रेस्क्यू व्यवस्था को और मजबूत करेगी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कॉर्बेट को राज्य ही नहीं बल्कि देश की शान बताते हुए संरक्षण के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। तत्पश्चात झिरना क्षेत्र अंतर्गत कोठिरी चौकी में वनकर्मियों से संवाद करते हुए उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यरत कर्मियों के साहस और समर्पण की सराहना की। कालागढ़ स्थित हाथी कैंप में हाल ही में रेस्क्यू की गई मादा हाथी शिशु का नामकरण मालनी किया गया। साथ ही कालागढ़ वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षार्थियों के साथ आयोजित संवाद सत्र में वैज्ञानिक वन प्रबंधन, अनुशासन, संवेदनशीलता और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड रंजन कुमार मिश्र, फील्ड डायरेक्टर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. साकेत बडोला, उपनिदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व राहुल मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग प्रकाशचन्द्र आर्या, प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर वन प्रभाग ध्रुव मर्तोलिया, प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग तरुण, प्रभागीय वनाधिकारी अतिरिक्त भूमि वन संरक्षण रामनगर मनीष जोशी, पार्क वार्डन बिन्दर पाल, उपप्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग संदीप गिरि, उपप्रभागीय वनाधिकारी रामनगर वन प्रभाग अंकित बडोला, वन क्षेत्राधिकारी सर्पदुली संजय पाण्डे, वन क्षेत्राधिकारी, बिजरानी नवीनचन्द्र पाण्डे, वन क्षेत्राधिकारी, झिरना/कालागढ़ नन्द किशोर रूवाली, वन क्षेत्राधिकारी ढेला भानु प्रकाश हर्बोला सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पठान ने की चन्द्रशेखर से मुलाकात, देर तक हुई बात

**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान ने अपने समर्थकों के साथ



बिजनौर में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद चन्द्र शेखर आजाद से मुलाकात की। सांसद चन्द्र शेखर आजाद ने श्री पठान का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर पर पार्टी को मजबूत बनाने सहित अन्य बातों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान के साथ शारिक हाशमी सभासद, शाहनवाज सभासद, मोहम्मद अरशद, नफीस अहमद, मौ. अदनान, मौ. जुबेर, इफ्तिखार अहमद, अनीस अहमद, ईश्वर दयाल आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई शिवाजी महाराज की जयंती



**चांदपुर ( चिंगारी )। आधारशिला द स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे।**

सर्वप्रथम वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी ने पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह नेगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया एवं हम सभी को उनकी देशभक्ति से सीख लेने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी, राइफलमैन संजय कुमार, हाउस इंचार्ज रजनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को डाकघर में खाता खोलने की जानकारी दी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** एसपी कॉलेज तिगरी में डाक अधीक्षक धमेश गगनेजा ने डाकघर में खाता खोलने से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि डाकघर में खाता खोलने पर लाभार्थी को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख तक का ऋण प्रदान करने का प्रावधान है। कार्यक्रम में मंडलीय कार्यालय सहायक निर्भान सिंह व नीरज शर्मा, मार्केटिंग एजुकेटिव योगेश कुमार, शाखा डाकपाल पीपली जट डॉ. राकेश शर्मा उपस्थित रहे। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने खाता खोलने और उससे लाभ लेने के उपाय बताये। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण से हुआ।

## मछली की बजाय जाल में फंसा मगरमच्छ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** तालाब से मछली पकड़ रहे मछुआरों के जाल में एक विशालकाय मगरमच्छ फंस गया। सूचना पर सामाजिक वानिकी की टीम मौके पर पहुंची तथा मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे गंगा में छोड़ दिया।



क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में दहीरपुर मार्ग पर बस्ती से सटा हुआ एक पंचायती तालाब है, जिसमें ग्राम निवासी जयप्रकाश ने मछली पालन कर रखा है। जयप्रकाश बृहस्पतिवार को तालाब से मछलियां पकड़वा रहा था कि मछुआरों के जाल में लगभग 7 फिट लम्बा मगरमच्छ फंस गया। मछुआरों ने साहस का परिचय देते हुए मगरमच्छ को पकड़ लिया। मगरमच्छ को देखने के लिये ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। जयप्रकाश ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी (वन विभाग) को दी। वन दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में गांव में पहुंची सामाजिक वानिकी की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ का रेस्क्यू किया तथा उसे ट्रैक्टर-ट्रिपलर में रखकर प्राकृतिक वास हेतु सबलगढ़ के सामने गंगा में छोड़ दिया। धूम सिंह, रमेश आदि वनकर्मी भी मौजूद रहे।

## निर्धन परिवार की कन्या की शादी का खर्च उठाने वाले संजीव 'बिजनौर रत्न' से सम्मानित

**नांगल सोती ( चिंगारी )। समाज के एक अत्यन्त निर्धन परिवार की कन्या की शादी का खर्च उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता को बिजनौरी महासभा हरिद्वार ने शॉल ओढ़ाकर एवं 'बिजनौर रत्न' सम्मान देकर सम्मानित किया। महासभा ने 5,100 रूपये का कन्यादान भी दिया।**


संजीव शर्मा को सम्मानित करती बिजनौरी महासभा

क्षेत्र के ग्राम बरकातपुर के निवासी संजीव कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को अपने समाज के एक बेहद निर्धन परिवार की कन्या की शादी ग्राम कामराजपुर में अपने खर्च पर धूमधाम से सम्पन्न कराई। संजीव शर्मा के इस समाजहित के कार्य के लिये बिजनौरी महासभा हरिद्वार ने उन्हें शादी समारोह में पहुंचकर सम्मानित किया। उन्हें शॉल ओढ़ाया गया तथा प्रतीक चिन्ह देकर 'बिजनौर रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। बिजनौरी महासभा के संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी जिस तरह अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया है, वह समाज के लिये अत्यन्त प्रेरणादायक है। महासभा के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गिरि तथा मनोज शर्मा ने कहा कि आज के समय में जब लोग व्यक्तिगत स्वार्थ में डूबे हैं, तब संजीव कुमार शर्मा समाजसेवा, मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। महासभा ने 5,100 रूपये कन्यादान में भी दिये। समारोह में मौजूद अन्य लोगों ने भी संजीव शर्मा की प्रशंसा की। भाजपा नेता ओमकार आजाद, पत्रकार रूकन राजपूत, टिंकू शर्मा, मनोज गिरि आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख ने बीडीओ व बीईओ के साथ किया निरीक्षण

# अध्यापिका का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम पंचायत मिर्जापुर उर्फ रामपुर चाठा के ग्रामीणों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख ने बीडीओ तथा बीईओ के साथ प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, तो बीएलओ/अध्यापिका अनुपस्थित मिलीं। ग्रामीणों ने बताया कि अध्यापिका अक्सर विद्यालय से अनुपस्थित रहती हैं। अध्यापिका का एक दिन का वेतन काटने एवं अन्य कार्यवाही के लिये संस्तुति की गई है।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत मिर्जापुर में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर परेशान ग्रामीणों की लगातार शिकायत मिल रही थी। ग्रामीणों की शिकायत थी कि बीएलओ/अध्यापिका अक्सर स्कूल से अनुपस्थित रहती हैं। बृहस्पतिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल ने खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया तथा खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के साथ मिर्जापुर उर्फ रामपुर चाठा के प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत सत्य पाई गयी। अक्सर अनुपस्थित रहने वाली


आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मौजूद ब्लॉक प्रमुख व अधिकारी

बीएलओ/अध्यापिका संगीता गौतम विद्यालय में उपस्थित नहीं मिली। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि अध्यापिका कभी-कभी ही विद्यालय में आती हैं। उन्होंने ग्रामीणों के 125 वोट काट दिये हैं। पूर्व में भी ग्रामीणों ने अध्यापिका के विरुद्ध खंड विकास कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया था, परंतु अधिकारियों ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की थी। वे लोग बूथ पर आते हैं, परंतु अध्यापिका मौजूद नहीं मिलती हैं। ग्रामीणों ने अध्यापिका के खिलाफ कार्यवाही के लिये एसडीएम को सम्बोधित प्रार्थना-पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ग्रामीणों ने अध्यापिका के विरुद्ध कार्यवाही के साथ-साथ गांव में दूसरे बीएलओ की तैनाती एवं उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने की मांग भी की है। खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने बताया कि अध्यापिका का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की गई है। खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया ने बताया कि अनुपस्थित अध्यापिका के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एसडीएम से संस्तुति की गई है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
दूसरा रोजा : शुक्रावार 20 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:13, शिया 6:24
तीसरा रोज़ा : शनिवार, 21 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:26 शिया 5:19

शहजाद अहमद

## हर्षोल्लास से मनाया शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव, भंडारा हुआ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां सुरेंद्रनगर कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव विधि विधानपूर्वक श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुवार की प्रात: मंदिर में पं. शिवकुमार शास्त्री ने पूजा तथा हवन कराया। पूजा व हवन के यज्ञमान पीयूष गोयल सपत्नीक रहे।



कन्या पूजन के बाद दोपहर मंदिर पार्क में भंडारा हुआ, जिसमें शाम तक सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वैदिक मंत्रोचारण के साथ वातावरण आध्यात्मित ऊर्जा से भर गया। भंडारा आयोजन में राजीव चौधरी, शिवप्रकाश शर्मा, अनिल चौधरी, कृष्णपाल सिंह, सुशील शर्मा, मयंक पाराशर, पवन कुमार फ़ौजी, मुनेंद्र कुमार, सत्यपाल सिंह, लवकुश फ़ौजी, राजकुमार अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## पिकअप ने भैंसा-बुग्गी में टक्कर मारी, मज़दूर घायल


टूटी हुई बुग्गी दिखाता मलखान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** केन क्रशर पर भैंसा-बुग्गी से खोई ढो रहे मजदूर को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। खोई के ऊपर गिरने के कारण मजदूर को तो हल्की चोटें आईं, मगर भैंसा गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। बुग्गी तथा पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गये। थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी का निवासी मलखान (30 वर्ष) पुत्र जयपाल नांगल में सराय आलम के नहर पुल के समीप स्थित श्री सिद्धबली केन क्रशर में भैंसा-बुग्गी से खोई ढोने का कार्य करता है। बीती रात्रि 11 बजे जब वह बुग्गी में खोई भरकर चला, तो मंडावली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन संख्या यूके 17 सीए-2023 ने कच्ची साइड में जाकर बुग्गी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण बुग्गी चालक मलखान उछलकर नीचे जा गिरा। हालांकि खोई के ऊपर गिरने के कारण उसे गंभीर चोट नहीं लगी। लेकिन भैंसा गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया तथा बुग्गी टूट गयी। पिकअप वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। एक घोड़ा-बग्घी दुर्घटना से बाल-बाल बची। टक्कर के बाद पिकअप स्टार्ट न होने के कारण चालक उसे छोड़कर भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप चालक शराब के नशे में था। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

## इशान मलिक ने जीवन का पहला रोजा रखा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद हल्दौर में कार्यरत मौ.नौशाद मलिक के पुत्र मौ. ईशान मलिक ने अपने जीवन का व मुकद्दस रमज़ान का पहला रोजा रखा। परिजनों, रिश्तेदारों व परिचितों ने बच्चे की हिम्मत की तारीफ करते हुए उसको ढेर सारी दुआओं से नवाजा। करीब 8 वर्षीय मौ. इशान मलिक ने मुकद्दस रमज़ान का और अपने जीवन का पहला रोज़ा रखने की ख्वाहिश जताते हुए वृहस्पतिवार की तड़के सहरी खाकर रोज़ा रखा। ईशान प्रतिदिन के भांति रोज़े में स्कूल भी गए और अपराह्न स्कूल से आने के तुरंत बाद ट्यूशन पढ़ने भी गए। नमाज पढ़कर अल्लाह की इबादत भी की। शाम करीब सवा छ: बजे उन्होंने अपने पहले रोज़े का रोज़ा इफ्तार किया। बच्चे के पहला रोज़ा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा और सभी ने बच्चे की हिम्मत की तारीफ करते हुए उसको मुबारकबाद और ढेर सारी दुआएं दी। 'चिंगारी' परिवार भी ईशान मलिक को मुबारकबाद देता है।

## पुताई कर रहे पेंटर की विद्युत करंट से मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बिजली के करंट की चपेट में आकर पेंटर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा। कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर निवासी युवक मोहम्मद यूसुफ (22) पुत्र राशिद बृहस्पतिवार को गुरुद्वारा रोड स्थित विजय कुमार के घर पर पुताई का काम कर रहा था। इस दौरान सीढ़ी लगाते हुए ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से टकरा गई, जिससे सीढ़ी में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। आनन-फानन में आसपास के लोग उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले गए। मृतक अपने पीछे पत्नी व माता-पिता को रोता बिलखता छोड़ गया।

## बढ़ते अतिक्रमण से राहगीर परेशान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चांदपुर चुंगी से सिरधनी रोड तक कई दुकानदारों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण किए जाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सड़क तक रेता-बजरी डाल रखी है, तो कुछ ने ठेलियां लगाकर और अन्य ने सामान बाहर निकालकर सड़क पर फैला रखा है। इससे सड़क संकरी हो गई है। दोपहिया व चारपहिया वाहनों को निकलने में कठिनाई हो रही है। कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की है ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## सैदपुर माफी महापंचायत में आयेंगे कई जिले के लोग




**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक महापंचायत नूरपुर क्षेत्र के गांव सैदपुर माफ़ी में 21 फ़रवरी को आयोजित की जा रही है। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महापंचायत में जनपद बिजनौर, मुरादाबाद व अमरोहा के किसान शामिल रहेंगे। महापंचायत को यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सम्बोधित करेंगे। महापंचायत में किसानों की अनेक समस्याओं के अलावा केन्द्र सरकार द्वारा अमेरिका से की गई किसान विरोधी ट्रेड डील से किसानों के सामने आने वाली समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। महापंचायत में आने वाले लोगों के लिए नूरपुर व धामपुर ब्लॉक की ओर से भंडारा किया जायेगा।

# मंजोला-खरका मोटर मार्ग निर्माण के अन्तर्गत ग्रामीणों ने की भूमि का मुआवजा देने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा अमटोला के ग्रामीणों ने उन्हें प्रस्तावित मंजोला-खरका सड़क सुविधा से जोड़ने व उन्हें उनकी नापखेत भूमि का मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री एवं लोनिवि के अधीक्षण अभियंता को प्रेषित ज्ञापनों में ग्रामीणों ने कहा है कि शासन की ओर से 15 किमी. मंजोला-खरका मोटर मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोनिवि लैंसडौन की ओर से उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन रोड गांव से नहीं जुड़ने के कारण उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, वहीं ग्रामीणों को अभी तक उनकी नापखेत की भूमि का मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री सहित अधीक्षण अभियंता से इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रेमलाल जखमोला, जगदंबा प्रसाद जखमोला, वाचस्पति जखमोला, विद्या भूषण जखमोला, भगवती प्रसाद जखमोला, गणेश प्रसाद जखमोला, प्रकाश जखमोला, अजय खजामेला, सुरेश जखमोला आदि शामिल रहे।

## कण्वघाटी महाविद्यालय का एनएसएस शिविर प्रारंभ

### पहले दिन चलाया गया सफाई अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर, चंद्रावती ला कालेज में आरंभ हो गया है। इस दौरान वक्ताओं ने छात्रों से सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर बेहतर राह पर चलने का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ डा. सुरेंद्र लाल आर्य व लॉ कालेज की प्राचार्य डा. अनुराधा कौशल्या ने किया। वक्ताओं ने स्वयंसेवी छात्रों को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस छात्रों को बेहतर जीवन जीने की राह देता है। स्वयंसेवी छात्र समाज को नई दिशा दे सकते हैं। कहा कि वर्तमान में समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां पनप रही हैं, जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने की जरूरत है। शिविर के प्रथम दिवस पर छात्रों ने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी गीता रावत शाह, पार्षद सीता देवी व सुखपाल शाह, डॉ. अनुराग शर्मा और कृष्ण चंद्र खंतवाल मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई गुरु जी एवं शिवाजी महाराज की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर श्रीगुरु जी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मां शारदा की वंदना के पश्चात समस्त स्टाफ द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात आचार्य टिकेंद्र कुमार द्वारा, श्री गुरु जी के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि श्री गुरु जी के बचपन का नाम माधव था। वे एक मेधावी छात्र थे तथा उन्होंने छात्र जीवन में ही गरीब और निर्धन छात्रों को नि:शुल्क पढ़ाने का कार्य किया, जिस कारण से छात्र उन्हें गुरुजी के नाम से पुकारने लगे और यही नाम आगे जीवन भर चलता रहा।

उन्होंने बताया कि श्रीगुरु जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समर्पित कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में लगा दिया। आचार्य संजू कुमार द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि छत्रपति शिवाजी अत्यंत साहसी, निर्भीक तथा कुशल शासको में से एक थे। समर्थ गुरु रामदास द्वारा परीक्षा लेने पर वह शेरनी का दूध लाकर अपनी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तथा हिंदू पद पादशाही की स्थापना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने बताया कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में यथासंभव परिवर्तन करने का प्रयास करना चाहिए।

## ऋण लेने के इच्छुक वेंडर्स से आवेदन आमंत्रित

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद ,धामपुर के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि पालिका क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी ठेले, खोमचे, रेहड़ी, पटरी वाले पथ विक्रेताओं को पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत 15 हजार, 25 हजार व 50 हजार का ऋण वितरित किया जा रहा है, जिसके तहत पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि जिन वेंडर्स को ऋण की आवश्यकता है वह अपना आधार कार्ड, बैंक की पासबुक की छाया प्रति, यूपीआईडी में आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर नगर पालिका परिषद, धामपुर कार्यालय में अपना ऑनलाइन आवेदन नि:शुल्क कराकर योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी पथ विक्रेता ऋण लेने का इच्छुक नहीं है, तो यह माना जाएगा कि अब पालिका क्षेत्रांतर्गत आने वाले किसी भी पथ विक्रेता को ऋण की आवश्यकता नहीं है।

# मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर्स की ध्वनि पर नियंत्रण रखने की मांग

## विहिप ने भेजा डीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शहर की मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि पर नियंत्रण नहीं होने पर विश्व हिंदू परिषद ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं भी चल रही हैं, वहीं लाउडस्पीकर की तेज आवाज से बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी संदीप सिंह के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि नैनीताल स्थित उच्च न्यायालय ने धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को सीमित रखे जाने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित किया है, लेकिन प्रशासन की तरफ से मस्जिदों में इसका पालन नहीं करवाया जा रहा है, जिससे आए दिन मस्जिदों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तेजी से बजाया जा रहा है, जिससे बूढ़े, बच्चों व बीमार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं, तेज आवाज के कारण छात्रों को अध्ययन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए लाउडस्पीकरों की आवाज पर नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। कहा कि अगर प्रशासन उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करवाने में असमर्थ रहा तो विश्व हिंदू परिषद मस्जिद संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाएगा। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेश जदली, नगर अध्यक्ष राधे श्याम शर्मा, नीरज, उपेंद्र और प्रशांत आदि शामिल रहे।

# जीवन में 'ध्यान' लगायें, तनाव से मुक्ति पायें

## महर्षि विद्या मंदिर द्वारा कण्वाश्रम में कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर प्रबंधन की ओर से कण्वाश्रम में महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह गुसाईं व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को महर्षि योगी के जीवन की जानकारी देते हुए जीवन में ध्यान के महत्व को बताते हुए कहा कि जीवन में ध्यान का अत्यधिक महत्व है। यह न केवल मानसिक शांति और तनाव से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि एकाग्रता, रचनात्मकता और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बढ़ाता है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति नकारात्मक मनोभावों पर नियंत्रण, सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्म-खोज और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर सकता है। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कुर्की का नोटिस चस्पां किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चेक बाउंस के एक मामले में धुमाकोट पुलिस ने बेलाडाट-लालपुर कोटद्वार निवासी रविलाल पुत्र प्रेमलाल के आवास पर कुर्की नोटिस चस्पां किया है। पुलिस के अनुसार रविलाल चेक बाउंस एक मामले में आरोपी हैं। न्यायालय के आदेश पर कुर्की से पूर्व आरोपी के आवास पर सूचना चस्पां की जाती है।

# नगीना से ओखला के लिए रोडवेज़ बस सेवा शुरू

**नगीना ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) ने नगीना से ओखला (दिल्ली) के लिए बस सेवा प्रारंभ कर दी है। पिछले माह नगीना सांसद चंद्रशेखर के दौरे के समय नगीना के लोगों ने इस मार्ग पर चलवाने की मांग की थी। नगीना रोडवेज बस स्टैंड के प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम ने नगीना से ओखला दिल्ली के लिए एक बस प्रारंभ कर दी है। उन्होंने बताया कि बस प्रतिदिन तड़के चार बजकर 40 मिनट पर नगीना से चलेगी, जो करीब 10 बजे तक ओखला पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि ओखला से सुबह 10:30 बजे चलकर बस करीब शाम चार बजे नगीना पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह बस पूर्व में काफी समय पहले चलती रही थी। पिछले माह 17 जनवरी को नगीना सांसद चंद्रशेखर द्वारा रोडवेज बस स्टैंड के निरीक्षण के समय आर एम मुरादाबाद से बात करते हुए इस बस को पुन: चलवाने की मांग की गई थी।

# हर्षोल्लास से मनाई गोलवलकर व शिवाजी की जयंती

**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह जयंती प्रमुख राजीव कुमार एवं समस्त आचार्य व आचार्यों द्वारा महापुरुषों के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया गया। जयंती प्रमुख राजीव कुमार एवं प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने गागर में सागर भरते हुए गुरुजी एवं छत्रपति शिवाजी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के उपसेनापति राज चौहान भैया ने किया।

# त्योहारों को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाने का आह्वान



**धामपुर ( चिंगारी )।** होली व रमजान को लेकर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन,किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में नायब तहसीलदार विजय कुमार ने लोगों से होली का पर्व शांति सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्योहार पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और रंग जुलूस मार्गों पर नीचे लटकी विद्युत लाइनों को समय रहते सही करने को भी निर्देशित किया। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने कहा कि, त्योहारों पर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही कोई अफवाह फैलाए। माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि, नगर की होली भाईचारे और आपसी सौहार्द को भी मजबूत करती है। उन्होंने त्योहार को आपस में भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी, अतुल कुमार, मुकुल सैनी, पंकज वर्मा, नसीम अहमद, दीपक अग्रवाल, सतवंत सिंह सलूजा, इरशाद धामपुरी, पवन अग्रवाल एडवोकेट आदि नागरिक मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



# रोडवेज की बस में महिला परिचालक से छेड़छाड़-मारपीट, कैश भी लूटा

बिजनौर ( चिंगारी )। आज सुबह बिजनौर से चांदपुर जा रही रोडवेज की बस में सवार 5 युवकों ने न केवल महिला परिचालक से छेड़छाड़ की, बल्कि उसके व बस चालक के साथ मारपीट भी की। आरोप है कि युवक महिला परिचालक से कैश भी लूट ले गये।

चांदपुर डिपो की बस संख्या यूपी 20 टी 3542 बिजनौर से चांदपुर जा रही थी। बताया जाता है कि उक्त बस में रामलीला ग्राउंड के पास से 5 युवक सवार हुये। उक्त युवकों ने महिला परिचालक राशिदा से स्याऊ के टिकट बनवाये। इस दौरान पांचों युवक महिला परिचालक से छेड़छाड़ करने लगे। राशिदा के टोकने और समझाने पर युवकों में से एक ने राशिदा को थप्पड़ मार दिया। बात बढ़ी तो चालक हेमंत ने चांदपुर की चुंगी के पास बस रोक दी। आरोप है कि युवकों ने ड्राइवर हेमंत के साथ भी हाथापाई की। युवकों ने बस का शीशा भी तोड़ दिया। बाद में युवक महिला परिचालक राशिदा से कैश लूटकर भाग गये। राशिदा के अनुसार युवक उससे करीब 3500 रुपये छीनकर ले गये हैं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

किराये हेतु
आवास विकास कॉलोनी बिजनौर में 40 फुटा मेन रोड पर एक हॉल भूतल पर 800 वर्ग फुट बैंक/ऑफिस किराये हेतु उपलब्ध है।
गणेश सिंह
8864941433

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679